मेरा एक साथी है,
बड़ा ही भोला भाला है,
मिले ना उस जैसा,
वो जग से निराला है,
जब जब दिल ये उदास होता है,
मेरा मुरली वाला मेरे पास होता है,
मेरा एक साथी हैं,
बड़ा ही भोला भाला है,
मिले ना उस जैसा,
वो जग से निराला है।।

तर्ज मेरा एक सपना है।

जब तक रहा अकेला,
बड़ा दुख पाया है,
जब जब दुख ने घेरा,
तो घबराया मैं,
ये सारी दुनिया में,
कन्हैया का सहारा है,
मिले ना उस जैसा,
वो जग से निराला है।।

सब कुछ बदल गया है,
उसके आने से,
हिम्मत आ गई है,

उसके समझाने से,
फसा मैं जब जब भी,
उसी ने तो निकाला है,
मिले ना उस जैसा,
वो जग से निराला है।।

नयी नयी पहचान,
बदल गयी रिश्ते में,
बनवारी मेरा सौदा,
पट गया सस्ते में,
गिरा मैं जब जब भी,
उसी ने तो संभाला है,
मिले ना उस जैसा,
वो जग से निराला है।।

मेरा एक साथी है,
बड़ा ही भोला भाला है,
मिले ना उस जैसा,
वो जग से निराला है,
जब जब दिल ये उदास होता है,
मेरा मुरली वाला मेरे पास होता है,
मेरा एक साथी हैं,
बड़ा ही भोला भाला है,
मिले ना उस जैसा,
वो जग से निराला है।।

Singer : Raju Mehra

Source: https://www.bharattemples.com/mera-ek-sathi-hai-bada-hi-bhola-hai/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw